आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 बुधवार 14.01.2026

मुख्य समाचारः—

1— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि किसान, राष्ट्र निर्माण में सशक्त भागीदार हैं और उनके प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती मिल रही है।

2— सुकमा जिले में आज उनतीस माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

3— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बलरामपुर में तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव का किया शुभारंभ।

4— सूर्य के उत्तरायण का पर्व मकर संक्रांति आज छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न भागों में मनाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री—पोंगल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि किसान, राष्ट्र निर्माण में सशक्त भागीदार हैं और उनके प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार, किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए अथक प्रयास कर रही है। श्री मोदी ने आज सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल. मुरुगन के नई दिल्ली स्थित आवास पर आयोजित पोंगल समारोह में कहा कि पोंगल पर्व, जीवंत तमिल संस्कृति और प्रकृति के साथ जुड़ाव का उत्सव है।

हमारे किसान राष्ट्र निर्माण के मजबूत साथी हैं, उनके प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को बहुत मजबूती मिल रही है। केंद्र सरकार भी किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध होकर लगातार काम कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा है कि पोंगल प्रकृति, परिवार और समाज के साथ संतुलन स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करता है।

रक्षा बल पूर्व सैनिक दिवस

देशभर में आज दसवां रक्षा बल पूर्व सैनिक दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया ने नवा रायपुर स्थित मिलिट्री स्टेशन में पूर्व सैनिक दिवस मनाया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में आउटरीच कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल और एम्स रायपुर के निदेशक डॉक्टर अशोक कुमार जिंदल ने कहा कि पूर्व सैनिक देश की ताकत है, जो युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित करते हैं।

वहीं, कोसा के कमांडर ब्रिगेडियर तेजिंदर सिंह बावा ने बताया कि इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को राज्य सैनिक बोर्ड के निदेशक ब्रिगेडियर विवेक शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा उनतीस वीर नारियों और वीर माताओं को सम्मानित किया गया। लगभग पांच सौ से अधिक पूर्व सैनिक और उनके परिवार के सदस्य इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

गौरतलब है कि भारतीय सेना के पहले कमांडर—इन—चीफ फील्ड मार्शल के.एम. करियप्पा के सम्मान में हर साल चौदह जनवरी को रक्षा बल पूर्व सैनिक दिवस मनाया जाता है।

माओवादी आत्मसमर्पण

सुकमा जिले में आज उनतीस माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से एक माओवादी पर दो लाख रूपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पित माओवादी गोगुंडा थाना क्षेत्र में सक्रिय दरभा डिवीजन के सदस्य बताए जाते हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि इन सभी पर विभिन्न माओवादी घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है।

आत्मसमर्पित माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पचास–पचास हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि देने के साथ ही अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

शासकीय सेवक–पुनरीक्षित वेतनमान

वित्त विभाग ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत वृद्धि का आदेश जारी कर दिया है। कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के तहत एक जनवरी दो हजार छब्बीस से अब अंठावन प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। यह आदेश यूजीसी, एआईसीटीई और कार्यभारित तथा आकस्मिकता से वेतन पाने वाले कर्मचारियों की सेवा के सदस्यों पर भी लागू होंगे।

राज्य ओपन स्कूल परीक्षा

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल ने मार्च–अप्रैल में होने वाली परीक्षा की समय–सारिणी घोषित कर दी है। हायर सेकेंडरी की परीक्षा सोलह मार्च से शुरू होकर आठ अप्रैल तक चलेगी। वहीं, हाईस्कूल की परीक्षा सत्रह मार्च से सात अप्रैल तक आयोजित होगी। विद्यार्थी परीक्षा संबंधी समय–सारिणी का अवलोकन समीपस्थ अध्ययन केन्द्र से प्राप्त कर सकते हैं।

तातापानी महोत्सव–शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बलरामपुर में तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छह सौ सड़सठ करोड़ रूपये से अधिक की राशि के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने तातापानी महोत्सव के लिए हर वर्ष राज्य शासन की ओर से पच्चीस लाख रूपये देने की घोषणा की। साथ ही कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनाने की भी बात कही।

बस्तर पंडुम–तिथि संशोधन

बस्तर पंडुम की समय–सारिणी में आंशिक बदलाव किया गया है। संस्कृति विभाग के सचिव डॉक्टर रोहित यादव ने बस्तर संभाग के सभी जिलों – बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, कांकेर, कोंडागांव और नारायणपुर के कलेक्टरों को पत्र जारी कर नई तिथियों के अनुसार आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पहले चरण में जनपद स्तर पर दस से बीस जनवरी तक ग्राम पंचायतों के दलों के बीच बारह अलग–अलग विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। दूसरे चरण में चौबीस से उनतीस जनवरी तक जिला स्तरीय प्रतियोगिता होगी। वहीं, अब संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन छह से आठ फरवरी के बीच किया जाएगा, जिसमें जिला स्तर के चयनित कलाकार हिस्सा लेंगे।

श्रम मंत्री–प्रेसवार्ता

प्रदेश में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए अलग से योजना शुरू की जाएगी। इसके साथ ही श्रमिकों के बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान करने प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए नई योजना ''अटल कैरियर निर्माण योजना'' भी प्रारंभ की जाएगी। यह जानकारी श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने आज नवा रायपुर में एक पत्रकारवार्ता को संबोधित

करते हुए दी। उन्होंने बताया कि शहीद वीरनारायण सिंह श्रम अन्न योजना का विस्तार सभी जिलों में श्रम अन्न केन्द्र स्थापित कर किया जाएगा।

<u>मकर संक्रांति</u>

सूर्य के उत्तरायण का पर्व मकर संक्रांति आज छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न भागों में मनाया जा रहा है। इसी दिन से दिन की अवधि बढ़ने लगती है। इस त्यौहार को देश के विभिन्न भागों में अलग–अलग नामों से जाना जाता है। तमिलनाडु में इसे पोंगल, गुजरात में उत्तरायण, असम में भोगाली बिहू और पश्चिम बंगाल में पौष संक्रांति के रूप में इसे मनाया जाता है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

इस अवसर पर रायपुर के महादेवघाट, राजिम और शिवरीनारायण के त्रिवेणी संगम में श्रद्धालुओं ने दीपदान किया।

<u>दुर्घटना</u>

बिलासपुर से तातापानी जा रहे दो युवकों की कोरबा के पास सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा कोरबा जिले के बांगो थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोरगा चौकी के पास उस समय हुआ, जब इन युवकों का वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। खाई में गिरते ही वाहन में आग लग गई, जिससे इसमें सवार दोनों युवकों की जलने से मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, बलरामपुर जिले में भी आज हुई एक सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार कुछ लोग एक वाहन में सवार होकर तातापानी महोत्सव में शामिल होने के लिए जा रहे थे, तभी उनका वाहन राजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत भेड़ाघाट गांव के पास अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गया।

<u>ईडी–संपत्ति कुर्क</u>

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने महादेव सट्टा मामले में सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल सहित अन्य आरोपियों की इक्कीस करोड़ रूपये से अधिक की संपत्ति अटैच कर ली है। इसमें लगभग एक करोड़ रूपये की चल संपत्ति तथा घर, व्यावसायिक दुकानें, कृषि भूमि तथा भारत और दुबई के लक्जरी अपार्टमेंट सहित सत्ताईस अचल संपत्तियां शामिल हैं।

<u>सीएम ट्रॉफी फुटबॉल चैंपियनशिप</u>

रायपुर जिले के खरोरा में आयोजित सीएम ट्रॉफी ऑल इंडिया फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब नारायणपुर स्थित रामकृष्ण मिशन की टीम ने केरल को हराकर अपने नाम कर लिया है। इस प्रतियोगिता में नौ राज्यों की सोलह टीमों ने हिस्सा लिया।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– जांजगीर–चांपा जिले के जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू को जिला और सत्रह न्यायालय से जमानत मिल गई है। श्री साहू को बीते नौ जनवरी को धोखाधड़ी के आरोप में जेल भेजा गया था।

– धमतरी जिले में धान उपार्जन में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति मोहदी के ऑपरेटर और समिति प्रबंधक को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

–	उद्यानिकी फसलों के लिए बीमा पंजीकरण की कल पंद्रह जनवरी अंतिम तिथि है। अधिक जानकारी के लिए किसान अपने नजदीकी उद्यानिकी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

–	जगदलपुर में कल संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कुम्हरावंड स्थित शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय में होगा।

–	दसवें राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर दुर्ग के शासकीय महाविद्यालय में पंद्रह से सत्रह जनवरी तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य जिले के युवाओं को स्टार्टअप और नवाचार के लिए प्रेरित करना है।

–	प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता पाए जाने पर कोंडागांव जिले के ग्राम पंचायत चिचाड़ी के सचिव हीरामन मरकाम को निलंबित कर दिया गया है।

–	केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल–आईटीबीपी ने मोहला–मानपुर जिले के दस आदिवासी युवाओं को नेहरू युवा केन्द्र के सहयोग से शैक्षणिक भ्रमण पर भोपाल भेजा है। यह भ्रमण आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम के तहत कराया जा रहा है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>